**आकाशवाणी शिमला**
**15.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार**

- **सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मंडी में अत्याधुनिक न्यायिक परिसर का किया शिलान्यास–एक सौ 52 करोड़ रुपये से होगा निर्माण।**
- **केंद्र सरकार ने कहा–देश में एल.पी.जी. ईंधन की कोई कमी नहीं–पैट्रोल और डीजल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने का कांग्रेस के पास कोई विज़न नहीं।**
- **प्रदेश में बदला मौसम का मिज़ाज– हिमपात, वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट।**

**मुख्य न्यायाधीश**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज मंडी में अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारशिला रखी। इस परिसर के निर्माण पर एक सौ 52 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी और इसमें न्यायाधीशों के साथ–साथ वकीलों और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। इस परिसर का निर्माण 9 दशमलव 6 हैक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

**मंडी में बनने वाले इस अत्याधुनिक न्यायिक परिसर में चार ब्लॉक होंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मंडी को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है और इस स्थान पर न्याय के मंदिर की स्थापना जल्द हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक परिसर में आम लोगों को भी एक ही छत के नीचे अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।**

**न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मंडी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को भी संबोधित किया और कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रत्येक नागरिक तक न्याय और अपने अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार का संकल्प है। उन्होंने भारत के संविधान को हमारे लोकतंत्र की आधारशिला बताया।**

**इस कार्यक्रम में प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया सहित अन्य न्यायाधीश व गणमान्य लोग मौजूद रहे।**
**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।**

**एलपीजी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एल.पी.जी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। पिछले कल करीब 77 लाख बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि 13 मार्च को लगभग 88 लाख बुकिंग दर्ज की गई थीं। मंत्रालय के अनुसार वाणिज्यिक एल.पी.जी. सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्यों को सौंप दिए गए हैं और अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में खरीदारी न करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने बताया कि देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सिरमौर ज़िले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में आज करीब साढ़े सात करोड़ रुपये की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि सिरमौर

ज़िले में जलापूर्ति से जुड़ी करोड़ों रुपये की योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी इस दौरान मौजूद रहे।

**फास्टैग**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को मौजूदा तीन हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 75 रुपये की बढ़ी हुई फीस आगामी पहली अप्रैल से लागू होगी।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर चिंता जताई है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य सरकार के सामने जो स्थिति है उससे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारें में अभी तक भी स्पष्ट नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट पेश होने से पहले ही वित्त सचिव की ओर से सर्वदलीय बैठक में दी गई प्रस्तुति के बाद सवाल उठना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक संकट से बाहर निकलने का कोई स्पष्ट विज़न भी पेश नहीं कर पाई है।

इस बीच एक बयान में जयराम ठाकुर ने प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर एंट्री टैक्स पर की गई भारी वृद्धि के फैसले पर भी कड़ी आपति जताई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का पर्यटन कारोबार पर विपरीत असर पड़ेगा।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। पार्टी उपाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण से बाहर है। नशाखोरी की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार नशे के खिलाफ केवल बयानबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदतर होते जा रहे हैं। भाजपा ने सरकार को तुरंत प्रभावी कदम उठाकर कानून व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी है।

**टीबी मुक्त भारत**

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सांसदों और दिल्ली पुलिस अधिकारियों के बीच आज दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। सांसदों की टीम की कप्तानी सांसद अनुराग ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम ने करवट ली है और दोपहर बाद कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व हल्की वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर हिमपात का भी समाचार है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी शिमला में भी ओलावृष्टि के साथ जोरदार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि और वर्षा की संभावना जताई है।

**वैक्सीन**

सोलन ज़िले में किशोरियों को सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिए हयूमैन पैपिलोमा वैक्सीन लगाई जाएगी। ज़िले में ये वैक्सीन 29 मार्च, 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को लगाने का कार्यक्रम है। सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने बताया कि ज़िले में करीब साढ़े सात हजार किशोरियों को ये वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है।

**पुल**

पर्यटन नगरी मनाली में कन्याल मार्ग पर रांगड़ी में मोटर योग्य पुल का विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने आज भूमि पूजन किया। इस पुल के निर्माण पर करीब 6 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। विधायक ने कहा कि ये पुल न केवल स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा देगा बल्कि आने वाले समय में क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार में खुशहाली के द्वार भी खोलेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मंडी में अत्याधुनिक न्यायिक परिसर का किया शिलान्यास–एक सौ 52 करोड़ रुपये से होगा निर्माण।**
- **केंद्र सरकार ने कहा–देश में एल.पी.जी. ईंधन की कोई कमी नहीं–पैट्रोल और डीजल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने का कांग्रेस के पास कोई विज़न नहीं।**
- **प्रदेश में बदला मौसम का मिज़ाज– हिमपात, वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट।**

———————————————